भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3170
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 15 मार्च, 2021
24 फाल्गुन, 1942 (शक)

राखीगढ़ी की स्थिति

3170. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले बजट में पांच प्रतिष्ठित स्थलों को विकसित करने हेतु चिन्हित किया गया था, जिनमें से एक हिसार (हरियाणा) में स्थित राखीगढ़ी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है;
(ग) उक्त स्थल पर विकास की क्या स्थिति है; और
(घ): उक्त स्थल हेतु कितनी निधि आबंटित और व्यय की गई है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): जी, हां। केंद्रीय बजट, 2020 में यह घोषणा की गई थी कि पांच राज्यों में स्थित पांच प्रतिष्ठित पुरातत्वीय स्थलों को विकसित किया जाएगा। राखीगढ़ी इनमें से एक है जो जिला-हिसार, हरियाणा में स्थित है।

राखी खास और राखी शाहपुर-के प्राचीन स्थल सामूहिक रूप से राखीगढ़ी के नाम से जाने जाते हैं, जो अब सूख चुकी पुरा नहर दृशवती के दक्षिणी किनारे पर स्थित है।यहां सात (07) टीले स्थित हैं। स्थल से हड़प्पन संस्कृति के उत्थान के विभिन्न स्तर उजागर हुए हैं और यह भारत के सबसे बड़े हड़प्पन स्थलों में से एक है। यह स्थल अब सूख चुके सरस्वती बेसिन में सिंधु संस्कृति के अनुक्रमिक विकास को दर्शाता है।

(ग): इस स्थल और इसके पर्यावरणीय विकास के लिए चाहरदीवारी की मरम्मत, पगडंडियां, जन सुविधाएं, सोलर लाइटें, बैंचे आदि मुहैया कराई जा रही हैं। इस स्थल का उत्खनन भी प्रस्तावित है ताकि पुरातत्वीय अवशेषों को संपूर्ण रूप से प्रदर्शित किया जा सके।

(घ): निधियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बजट आवंटन से पूरी की जाएगी। चालू वित्त वर्ष 2020-21 (08/03/2021 तक) के लिए व्यय रू. 11,51,763.00/- है।

*****